वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",हिंदुस्तान,न्यायाधीश,दैनिक जागरण, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

हिन्दुस्तान –दि0 20.04.2026

काशीवासियों के विमर्श से करें विकास

काशी जन संवाद

- हरियाणा की तर्ज पर बने हर प्रॉपर्टी की यूनिक आईडी
- शहर के सुनियोजित विकास के संबंध में आए कई सुझाव
- कमिश्नर ने कहा, हर माह होगा यह आयोजन

वाराणसी, प्रमुख संवाददाता। शहर में सुनियोजित विकास के मद्देनजर आमलोगों के सुझावों पर कार्ययोजना में जरूरी सुधार के उद्देश्य से रविवार को कमिश्नरी सभागार में वीडीए की ओर से 'काशी जन संवाद' कार्यक्रम हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ चर्चा हुई और उनसे सुझाव लिए गए।

कमिश्नर एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में हुए संवाद के दौरान अवैध निर्माण, जाम-अतिक्रमण, शहर में विकास कार्य करने वाली एजेंसियों को स्थानीय विशेषज्ञों के साथ संवाद बनाने जैसे मुद्दों पर खुलकर बातचीत हुई।

आयोजन में शिक्षकों, व्यापारियों, बिल्डर-डेवलपरों, चिकित्सकों और पर्यटन उद्यमियों की मौजूदगी रही।

आर्किटेक्ट मुदिता कपूर ने कहा कि बाहर की एजेंसियां स्थानीय आर्किटेक्ट, काशी के मर्म को समझने वाले विशेषज्ञों से विमर्श करके किसी भी प्रोजेक्ट के उद्देश्यों को पूरा कर सकती हैं।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि आर्किटेक्टों के साथ पहले संवाद करने का प्रयास किया गया था, उसमें केवल तीन सुझाव ही आए थे।

प्रो. अमित कुमार सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हर प्रॉपर्टी की यूनिक आईडी बनाई है। बनारस में भी वह व्यवस्था लागू की जा सकती है। कमिश्नर ने कहा कि हर माह काशी जन संवाद का आयोजन होगा, जिसमें आए सुझावों पर मंथन होगा। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि एचएफएल के संबंध में शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जा रहा है। इस दौरान सौरभ कुमार पाण्डेय, जितेंद्र सिन्हा, अजीत सिंह बग्गा, अरुण अग्रवाल, लोकेश आहूजा, रमन सिंह, दीपक बहल, अशोक कपूर, डॉ. अनुराग टंडन, डॉ. एनपी सिंह, जैनेंद्र राय आदि ने सुझाव दिए।

ये सुझाव भी आए

- आवासीय कॉलोनी में व्यावसायिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए
- शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के पिक ऐंड ड्रॉप पॉइंट निर्धारित किए जाएं

न्यायाधीश –दि0 20.04.2026

आयुक्त सभागार में 'काशी जन संवाद' का किया गया आयोजन

वाराणसी ।आयुक्त वाराणसी मण्डल/ अध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण श्री एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता मे तथा उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण श्री पुर्ण बोरा की उपस्थिति मे आयुक्त सभागार में 'काशी जन संवाद' का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम मे शहर के विभिनन्-वर्गों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियो को आमंत्रित किया गया था, जिनमे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं चिकित्सालय संघ, व्यापार एवं बाजार संघ, होटल एवं रेस्टोरेंट संघ, पर्यटन गाइड संघ, परिवहन संघ, घाट समितियां, पर्यावरण एवं गैर-सरकारी संगठन, महिला सशक्तिकरण से जुड़े संगठन, सांस्कृतिक एवं विरासत संरक्षण से संबंधित संस्थाएं, गंगा एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, हस्तशिल्प एवं बनारसी साड़ी से जुड़े संघ, आवासीय कल्याण संघ , मीडिया एवं प्रेस प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल रहे। उक्त जन संवाद कार्यक्रम मे विभिनन्-संस्थाओं, संगठनो एवं नागरिको द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिनन्-महत्वपूर्ण बिदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। संवाद के दौरान स्वच्छता, पर्यटन विकास, भारत माता मंदिर के सौदर्यीकरण, नए टाउनशिप के विकास, ट्रैफिक समस्याओं के समाधान, सारनाथ स्थित आकाशवाणी के पास पार्किंग व्यवस्था के सुझाव सहित विभिनन्-विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, काशी की गलियो में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाने का सुझाव दिया गया तथा वेदव्यास मंदिर के जीर्णोद्धार के संबंध मे भी महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि वे अपने सुझाव लिखित रूप में उपलब्ध कराएं, जिससे उन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

दैनिक जागरण –दि0 20.04.2026

शहर में यातायात व्यवस्था हो दुरुस्त : मंडलायुक्त

वाराणसी : शहर के सुनियोजित विकास को लेकर रविवार को वीडीए की ओर से आयुक्त सभागार में काशी जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने एक-एक लोगों से शहर के विकास के बारे में पूछा। सभी ने अलग-अलग सुझाव दिया, उनके सुझाव पर विचार करने पर सहमति जताई गई। सबसे अधिक समस्या पक्का महाल क्षेत्र में गलियों की सफाई व सुंदरीकरण, गंगा घाटों की सफाई, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र खत्म करने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर था। (जासं)